राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

समर्पण भाव से राष्ट्र निर्माण में भगीदार बनें

–राज्यपाल

जयपुर, 1 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि सभी लोगो को समर्पण भाव से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि सकारात्मक सोच रखे और लोगों को भारतीय संस्कृति का ज्ञान करायें।

राज्यपाल श्री मिश्र रविवार को यहां बिड़ला सभागार में सर्व ब्राह्मण सभा के समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। श्री मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने संविधान की उद्देशिका और मूल कर्त्तव्यों का वाचन करवाया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि आचरण और व्यवहार को सकारात्मक रखे। सभी लोगों को एकजुट रखने का प्रयास करें।

समारोह को सांसद श्री रामचरण बोहरा, राज्यसभा सांसद श्री अशोक वाजपेई, श्री कैलाश चन्द्र ब्रह्मचारी, एडवोकेट एच.सी. गणेशिया और पंडित सुरेश मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। राज्यपाल से सम्मानित हुए व्यक्ति – सर्वश्री गोविन्द कुलकर्णी, रधुनाथ पाण्डेय गोपाल शर्मा, विश्वपति त्रिवेदी, गुणवंत भाई दबे, अरूण कुमार शुक्ला, जगदीश शर्मा, आजाद कौशिक, केदार शर्मा और बालक नित्यम।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, जनसम्पर्क,
राज्यपाल, राजस्थान